# क्या यह
# मिथेनॉल विषाक्तता हो सकती है?

## 01 लक्षण

**0-12 घंटे** — अधिक अगर इथेनॉल में कुछ मिलाया गया हो

### शराब पीने का इतिहास?
क्या रोगी ने अवैध/नाजायज शराब पिया है और/या मिथेनॉल विषाक्तता के मामले वाले संदिग्धों के साथ पिया है?

**12-24 घंटे** — अधिक अगर इथेनॉल में कुछ मिलाया गया हो

### हैंग-ओवर महसूस कर रहे हैं?
मिचली और अस्वस्थता महसूस करना।

### छाती में दर्द या जठरांत्र के लक्षण हैं?
छाती में बहुत दर्द और जठरांत्र (जीआई) के लक्षण, पैट में दर्द।

### बहुत जल्दी-जल्दी साँसें ले रहा है?
प्रति मिनट 25 से अधिक बार साँस लेना।

### देखने में गड़बड़ी है?
सभी प्रकार की देखने की गड़बड़ी धुंधली दृष्टि से पूर्ण अंधेपन तक।

**24-48 HOURS** — अधिक अगर इथेनॉल में कुछ मिलाया गया हो

### कोमा?
बेहोशी

## 02 उपचार

**यदि अलक्षणी रोगी हो:**
ध्यान से देखें। (नीचे बाएँ के लक्षणों को देखें)

**बहुत जल्दी जल्दी साँसें लेना, चीजें देखने में कोई परेशानी नहीं:**
इथेनॉल और बाईकार्बोनेट दें।
कम से कम 24 घंटे निगरानी करें।

**बहुत जल्दी जल्दी साँसें लेना, चीजें ठीक से नहीं दिखना, होश में रहना:**
इथेनॉल, बाईकार्बोनेट, फ़ॉलिनिक (या फ़ॉलिक) एसिड दें, डायलिसिस की सुविधाओं के लिए ले जाने पर विचार करें।

**बहुत जल्दी जल्दी साँसें लेना, कोमा:**
इथेनॉल, बाईकार्बोनेट, फ़ॉलनिकि (या फ़ॉलकि) एसडि दें, डायलसिसि की सुवधािओं के लएि ले जाएँ।

**सामान्य रूप से साँसें लेना या बहुत जल्दी जल्दी साँसें लेना (धीमी साँस), कोमा**
- मथिनॉल वषािक्तता के मामले में संभवतः खराब रोग नदिान।
- इथेनॉल का नशा होने पर इथेनॉल से सावधान रहें, बशर्ते मथिनॉल वषािक्तता का भरोसा न हो।
- बाईकार्बोनेट, फ़ॉलनिकि (या फ़ॉलकि) एसडि दें और रेफ़रल अस्पताल ले जाने के बारे में वचिार करें।

## 03 खुराक

### फ़ॉमेपिज़ॉल
- आमतौर पर फ़ॉमेपिज़ॉल का उपयोग मिथेनॉल मेटाबोलिज़्म को बाधित करने के लिए किया जाता है, लेकिन आसानी से उपलब्ध नहीं होने पर, इथेनॉल की उच्च खुराक से भी समान प्रभाव हासिल हो सकता है।

### बाईकार्बोनेट (NAHCO3):
- 500 मिमोल/ली: 1-2 घंटे के भीतर 250-500 मिली या उससे अधिक दें, जब तक हाइपरवेंटिलेशन ठीक न हो जाए (आरएफ़ <20 /मिनट)।
- 167 मिमोल/ली: 1-2 घंटे के भीतर 1000-1500 मिली या उससे अधिक दें, जब तक हाइपरवेंटिलेशन ठीक न हो जाए (आरएफ़ <20 /मिनट).
- यदि केवल मौखिक उपचार उपलब्ध हो: 500 मिग्रा बाईकार्बोनेट टैबलेट (= 6 मिमोल), हर घंटे 6-10 टैबलेट जब तक हाइपरवेंटिलेशन ठीक न हो जाए (आरएफ़ <20 /मिनट)।

### फ़ॉलिनिक (या फ़ॉलिक) एसिड:
- 24-48 घंटे तक हर 6 घंटे 50 मिग्रा (उदाहरण के लिए, 5 मिग्रा के 10 टैबलेट) ड्रिप या मुंह से।

### यदि इंटुबेशन आवश्यक हो:
- रोगी तेज साँसे ले रहा होना चाहिए (आरएफ़ >25/मिनट) (जब तक आईसीयू वाली किसी इकाई में स्थानांतरित न हुआ हो।) बिना कोई देरी किए विषप्रतिकारक (इथेनॉल मुंह रूप या ड्रिप से) दें। कृपया नीचे खुराक की मात्रा देखें।

| इथेनॉल | 5% इथेनॉल (बीयर) | 10% इथेनॉल (बीयर) | 20% इथेनॉल (फ़ोर्टीफ़ायड वाइन) | 40% इथेनॉल (स्पिरिट) |
|---|---|---|---|---|
| शुरूआती खुराक | 15 मिली/किग्रा | 7.5 मिली/किग्रा | 4 मिली/किग्रा | 2 मिली/किग्रा |
| पीने की खुराक (घंटा) (नियमित पीने वाला नहीं) | 2 मिली/किग्रा/घं. | 1 मिली/किग्रा/घं. | 0.5 मिली/किग्रा/घं. | 0.25 मिली/किग्रा/घं. |
| पीने की खुराक (घंटा) (नियमित पीने वाला) | 4 मिली/किग्रा/घं. | 2 मिली/किग्रा/घं. | 1 मिली/किग्रा/घं. | 0.5 मिली/किग्रा/घं. |



## मिथेनॉल विषाक्तता क्या होती है?

मिथेनॉल अपने आप में जहरीला नहीं होता है, लेकिन यह मेटाबोलाइज़ होकर अत्यधिक जहरीला फ़ॉर्मिक एसिड बन जाता है। उपचार विषप्रतिकारक (इथेनॉल) से एन्ज़ाइम (ADH) को अवरुद्ध करने, बाईकार्बोनेट से मेटाबोलिक एसिडोसिस को बफ़र करने और, यदि संभव हो तो, मिथेनॉल और फ़ॉर्मेट को शरीर से निकालने के लिए डायलिसिस का उपयोग करने पर केंद्रित होता है ताकि मेटाबोलिक एसिडोसिस ठीक हो सके। फ़ॉर्मेट का अंतर्जात मेटाबोलिज़्म बढ़ाने के लिए फ़ॉलिनिक एसिड भी दिया जा सकता है।




## दवाइओं के उपयोग के बारे में क्या सुझाव है?

उपचार का सबसे महत्वपूर्ण भाग **शुरुआत में ही विषप्रतिकारक देना** है। अल्कोहल (इथेनॉल) के अलावा, दूसरा एकमात्र विषप्रतिकारक **फ़ॉमेपिज़ॉल** है। फ़ॉमेपिज़ॉल को 2013 में WHO आवश्यक दवा सूची में शामिल किया गया था। यह अंतर्राष्ट्रीय दिशानिर्देशों में स्थापित दवा है, लेकिन इसका वर्तमान मूल्य इसे उच्च जोखिम वाले देशों में अधिकतर पीड़ितों के लिए अप्राप्य बना देता है जहाँ लोग प्रभावित होते हैं। MI फ़ॉमेपिज़ॉल को ऐसे मूल्य पर उपलब्ध करने का काम कर रही है जिससे यह प्रमुख विषप्रतिकारक के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार्य हो सके और अपनाया जा सके।






## सहायता मांगने के लिए कब कॉल करें:

**मिथेनॉल विषाक्तता का उपचार हो सकता है यदि शरीर में जाने के 10 से 30 घंटे के भीतर इसका पता चल जाए।**

यदि ऐसे रोगी हैं जिनमें मिथेनॉल विषाक्तता का गहरा संदेह है, तो सलाह के लिए और बचाव की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए हमारे स्थानीय अस्पतालों को कॉल करें।

इसके सबसे महत्वपूर्ण कारणों में से एक परिवेश में गैरकानूनी अल्कोहल की पहचान की संभावना, शुरूआती उपचार आरंभ करना, तथा लोगों को, यथासंभव शीघ्रता से, संभावित ख़तरों के बारे में चेतावनी दे पाने में सक्षम होना है।

जहाँ एक रोगी पाया जाता है आमतौर पर अनेक रोगी पाए जाते हैं।

*इसमें शामिल सभी सामग्री केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए है तथा स्वतंत्र पेशेवर चिकित्सीय निर्णय, सलाह, निदान, या उपचार की जगह लेने के लिए अभिप्रेत नहीं है।*

SCAN ME
View gallery

METHANOL INSTITUTE

METHANOL.ORG/BOOTLEGALCOHOL-PREVENTION